बिज़नेस भास्कर
Business Standard और The Economist की खबरों के साथ
रायपुर, रविवार 13 सितंबर, 2026 19

कंज्यूमर ट्रेंड्स • बिजली-पानी और एसी पर ज्यादा खर्च से बदली खरीदारी; चॉकलेट व दूध आधारित पेय की खपत घटी, ग्लूकोज पाउडर, स्किन क्रीम जैसे प्रोडक्ट्स की खपत 8 फीसदी तक बढ़ी

गर्मी ने बढ़ाया 88% परिवारों का खर्च, 73% को बिजली-पानी के लिए राशन का बजट घटाना पड़ा

भास्कर न्यूज़ | मुंबई

भीषण गर्मी अब केवल सेहत नहीं, घर का बजट और खरीदारी भी प्रभावित कर रही है। वर्ल्डपैनल बाय न्यूमरेटर के सर्वे में 88% परिवारों ने बताया कि मार्च-जून के दौरान गर्मी के कारण उनका खर्च बढ़ा। वहीं, 73% परिवारों को बिजली-पानी जैसे जरूरी खर्च पूरे करने के लिए राशन के बजट में कटौती करनी पड़ी। देशभर के 862 परिवारों पर हुए सर्वे में 81% ने इस बार गर्मी को सामान्य से ज्यादा बताया। बढ़े हुए बिजली बिल, पानी के टैंकर, बोतलबंद पानी, एसी की मरम्मत और ईंधन पर अतिरिक्त खर्च इसकी प्रमुख वजह रहा। इन इलाकों के 82% परिवारों ने राशन बजट पर दबाव की बात कही। मध्यम जोखिम वाले क्षेत्रों में यह आंकड़ा 68% और कम जोखिम वाले क्षेत्रों में 64% रहा। वर्ल्डपैनल बाय न्यूमरेटर के दक्षिण एशिया कमर्शियल निदेशक मनोज मेनन के मुताबिक, अत्यधिक गर्मी अब सिर्फ मौसमी बिक्री नहीं बढ़ा रही, बल्कि परिवारों के खर्च बांटने का तरीका बदल रही है। कंपनियों को ऐसे प्रोडक्ट किफायती और आसानी से उपलब्ध कराने होंगे, जो गर्मी से निपटने की जरूरतें पूरी करते हों।

राशन नहीं घटा, खरीदारी का तरीका बदल गया

परिवारों ने रोजमर्रा के सामान की पूरी खपत घटाने के बजाय प्राथमिकताएं बदली हैं। अत्यधिक जोखिम वाले क्षेत्रों में गेहूं को छोड़कर दैनिक इस्तेमाल की वस्तुओं की खपत अप्रैल-जून तिमाही में सालाना 8% बढ़ी। मध्यम जोखिम वाले क्षेत्रों में यह वृद्धि 5% और कम जोखिम वाले क्षेत्रों में 2% रही। इससे संकेत मिलता है कि गर्मी से निपटने वाली वस्तुओं पर खर्च बढ़ाने के लिए परिवार कुछ गैर-जरूरी सामान की खरीद घटा रहे हैं।

इस साल मार्च से जून के बीच कोल्ड ड्रिंक्स की खपत 6 फीसदी, टेल्कम पाउडर पर खर्च 13 फीसदी बढ़ा

82% परिवारों ने राशन के बजट पर अधिक दबाव की बात कही सबसे ज्यादा गर्मी के जोखिम वाले इलाकों में



- टेल्कम पाउडर की खपत 9% और खर्च 13% ज्यादा
- ग्लूकोज पाउडर की खपत और खर्च दोनों 8% बढ़ा
- शीतल पेय की खपत 6% और खर्च 7% ज्यादा रहा
- त्वचा की क्रीम की खपत 6% और खर्च 5% अधिक
- बाल धोने के प्रोडक्ट की खपत 4%, खर्च 2% ज्यादा
- डिटर्जेंट की खपत 2% और खर्च 1% ज्यादा रहा

गांवों में रोजाना इस्तेमाल की वस्तुओं की खपत ज्यादा: अत्यधिक गर्मी वाले ग्रामीण इलाकों में रोजाना इस्तेमाल की वस्तुओं की खपत 11% बढ़ी, जबकि इन्हीं जोखिम वाले शहरी क्षेत्रों में वृद्धि 6% रही। इसकी एक वजह ठंडक, शरीर में पानी की कमी पूरी करने और साफ-सफाई से जुड़े उत्पादों की बढ़ती जरूरत है। यानी गर्मी का असर केवल बड़े शहरों या एयर कंडीशनर खरीदने वालों तक सीमित नहीं है।

बिजली-पानी के खर्च ने गैर-जरूरी खरीद घटाई: अत्यधिक गर्मी वाले क्षेत्रों में अप्रैल-जून 2025 के मुकाबले 2026 में चॉकलेट की खपत 10% घटी। दूध आधारित स्वास्थ्य पेय में भी 10% और मक्खन-पनीर में 1% गिरावट दर्ज हुई। यानी परिवारों ने पूरा राशन कम करने के बजाय अपेक्षाकृत गैर-जरूरी या टाले जा सकने वाले उत्पादों पर खर्च घटाया।

हर तीन में से एक परिवार ने खरीदा पंखा, कूलर या एसी

सर्वे में शामिल 35 फीसदी परिवारों ने पंखा, कूलर या एसी जैसे ठंडक देने वाले उपकरण खरीदने की बात कही। इनमें से 75 फीसदी खरीदारी सीधे अत्यधिक गर्मी के कारण हुई। घर से बाहर गन्ने का रस, छाछ-लस्सी, मिल्कशेक, कोल्ड कॉफी और अन्य ठंडे पेय पदार्थों पर खर्च भी अत्यधिक जोखिम वाले परिवारों में मध्यम जोखिम वाले परिवारों के मुकाबले 10 से 24 पर्सेंटेज पॉइंट (प्रतिशत में आंकड़ों का अंतर) ज्यादा रहा।

बैंक ऑफ़ बड़ौदा Bank of Baroda
क्षेत्रीय कार्यालय, जीवन प्रकाश, एलआईसी बिल्डिंग, पंडरी, रायपुर (छ.ग.) फोन: 0771-4222611,4222612
ई-मेल: Recovery.Raipur@bankofbaroda.bank.in

16	मेसर्स कोठारी टिम्बर प्राइवेट लिमिटेड, श्री विंदेश कुमार कोठारी (निदेशक), श्री कमल कुमार अग्रवाल (निदेशक), श्री धैर्य मेहता (निदेशक),	साम्यिक बंधक आवासीय परिवर्तित भूमि स्थित प्लाट नं.10408, परिवर्तित खसरा नं. - 15005/83, क्षेत्रफल - 2403 वर्गफीट, स्वर्णभूमि, फेस 3, मौजा संकरी, आरआईसी कांदुल, तहसील और जिला - रायपुर, छ.ग. हैं जो श्रीमती सुनीता देवी अग्रवाल के नाम पर हैं. सीमाएं: पूर्व- रोड, पश्चिम- प्लाट नं.- 10319, उत्तर-प्लाट नं.-10407, दक्षिण - प्लाट नं. 10409.	रु. 4,68,38,249.03 + ब्याज + अन्य प्रभार	रु. 91,91,475.00 रु. 9,19,147.50 रु. 10,000.00	भौतिक कब्जा
	खसरा नं.- 442/2, 438/3, 441/3, प.ह.नं.100/28, आरएनएम - धरसीवा, रेडियो स्टेशन के पीछे, उरकुरा रोड, रावांभाटा रायपुर - 493221 छत्तीसगढ़. और श्रीमती सुनीता देवी अग्रवाल (जमानतदार) पता : - मकान नं. सी-111, स्वर्ण भूमि, विधान सभा रोड, एमजीएम अस्पताल के पास, रायपुर, छ.ग.				
	जवाहर नगर शाखा, रायपुर 9109993971				
17	1. मेसर्स अमित फूड्स (प्रोप. श्री टिकेश्वर मनहरे) - उधारकर्ता और बंधककर्ता, ग्राम- संडी, बलौदा बाजार रोड, जिला- बलौदा बाजार, रायपुर, अतिरिक्त पता: मेसर्स अमित फूड्स, राजीव नगर, खरोरा, रायपुर छ.ग., पिन - 493224, 2. श्री टिकेश्वर मनहरे- उधारकर्ता और बंधककर्ता, ग्राम- संडी बलौदा बाजार रोड, जिला- बलौदा बाजार, रायपुर, अतिरिक्त पता: मेसर्स अमित फूड्स, राजीव नगर, खरोरा, रायपुर छ.ग., पिन - 493224, 3. श्री बेदराम मनहरे पिता श्री बद्रीनाथ मनहरे जमानतदार और बंधककर्ता, पता 1: प्लाट नं. 60, फेस-1, सफायर ग्रीन, विधानसभा रोड, रायपुर - 493111 4. श्री बद्रीनाथ मनहरे जमानतदार और बंधककर्ता, पता 1: प्लाट नं. 60, फेस-1, सफायर ग्रीन, विधानसभा रोड, रायपुर - 493111	1. संपत्ति का वह सभी हिस्सा और अभिन्न अंग जिसमें शामिल फैक्टरी भूमि और भवन, सेल डीड (बिक्री विलेख) के ज़रिए - बुक नं. ए-1, वॉल्यूम नं. - 377, पेज नं.- 325 से 344, क्रमांक संख्या-1660, दिनांक 26.02.2021 स्थित परिवर्तित भूमि से संबंधित खसरा नं. - 157/03, क्षेत्रफल - 0.202 हेक्टेयर/21743 वर्गफीट स्थित ग्राम - संडी, तहसील - पलारी, जिला- बलौदा बाजार- भाटापारा, छ.ग. हैं जो मेसर्स अमित फूड्स, प्रोप. श्री टिकेश्वर मनहरे के नाम पर हैं.	रु. 5,07,19,401.10 + ब्याज + अन्य प्रभार	रु. 1,31,48,000.00 रु. 13,14,800.00 रु. 10,000.00	सांकेतिक कब्जा
		2. संपत्ति का वह सभी हिस्सा और अभिन्न अंग जिसमें शामिल व्यवसायिक परिवर्तित भूमि से संबंधित खसरा नं. - 49/14, क्षेत्रफल - 0.492 हेक्टेयर / 53000 वर्गफीट स्थित ग्राम - खपरीखुर्द, प.ह.नं.- 29, आरआई-सर्कल-खरोरा, नया आरआई सर्कल- मोहरेंगा, तहसील खरोरा, जिला- रायपुर, छत्तीसगढ़ हैं जो श्री टिकेश्वर मनहरे पिता श्री बद्रीनाथ मनहरे के नाम पर हैं.		रु. 1,35,64,000.00 रु. 13,56,400.00 रु. 10,000.00	सांकेतिक कब्जा
		3. संपत्ति का वह सभी हिस्सा और अभिन्न अंग जिसमें शामिल औद्योगिक परिवर्तित भूमि से संबंधित खसरा नं. - 49/07, 49/8, 49/9, क्षेत्रफल - 0.115, 0.162, 0.267 कुल क्षेत्रफल- 0.544 हेक्टेयर/58556 वर्गफीट स्थित ग्राम - खपरीखुर्द, प.ह. नं. - 29, आरआई सर्कल खरोरा नया आरआई सर्कल मोहरेंगा, तहसील - खरोरा, जिला - रायपुर, छ.ग. हैं जो श्री बेदराम मनहरे पिता श्री बद्रीनाथ मनहरे के नाम पर हैं.		रु. 39,81,000.00 रु. 3,98,100.00 रु. 10,000.00	सांकेतिक कब्जा
		4. संपत्ति का वह सभी हिस्सा और अभिन्न अंग जिसमें शामिल औद्योगिक परिवर्तित भूमि नं. - 49/19, दिनांक 29.11.2021 से संबंधित खसरा नं.- 49/3 एवं 49/6,क्षेत्रफल- 0.142 एवं 0.182 कुल क्षेत्रफल-0.324 हेक्टेयर/ 34875.07 वर्गफीट स्थित ग्राम - खपरीडीह खुर्द, प.ह.नं. - 29, आरआई सर्कल खरोरा नया आरआई सर्कल मोहरेंगा, तहसील खरोरा, जिला - रायपुर, छ.ग. हैं जो श्री टिकेश्वर मनहरे पिता श्री बद्रीनाथ मनहरे के नाम पर हैं.		रु. 23,71,000.00 रु. 2,37,100.00 रु. 10,000.00	सांकेतिक कब्जा
	पंडरी शाखा, रायपुर 9752410760	5. संपत्ति का वह सभी हिस्सा और अभिन्न अंग जिसमें शामिल औद्योगिक परिवर्तित भूमि पंजीकृत बंटवारा विलेख संख्या 4918, दिनांक 29.11.2021 के तहत खसरा नं. - 49/4, क्षेत्रफल - 0.384 हेक्टेयर/41333 वर्गफीट स्थित ग्राम- खपरीडीह खुर्द, प.ह.नं.- 29, आरआई सर्कल खरोरा नया आरआई सर्कल मोहरेंगा, तहसील खरोरा, जिला - रायपुर, छ.ग. हैं जो श्री बेदराम मनहरे पिता श्री बद्रीनाथ मनहरे के नाम पर हैं.		रु. 28,10,000.00 रु. 2,81,000.00 रु. 10,000.00	सांकेतिक कब्जा
18	उधारकर्ता: मेसर्स जय जगन्नाथ इंडस्ट्रीज (साझेदारी फर्म) पंजीकृत पता: राजीव नगर, खरोरा बाजार रोड, जिला-रायपुर, छ.ग.- 493225 भागीदार/जमानतदार:	साम्यिक बंधक औद्योगिक परिवर्तित भूमि से संबंधित खसरा नं. 48/3, 49/1, 49/15, 50/4, कुल क्षेत्रफल - 0.7955 हेक्टेयर / 86655 वर्गफीट स्थित ग्राम- खपरीडीह खुर्द, प.ह.नं.-29, आरआई सर्कल- खरौरा, नया आरआई सर्कल - मोहरेंगा, तहसील: खरौरा, ज़िला- रायपुर, छ.ग. हैं जो श्री टिकेश्वर मनहरे पिता श्री बद्रीनाथ मनहरे के नाम पर हैं. फिलहाल बैंक ऑफ बड़ौदा, एसएमई शाखा, रायपुर के पास गिरवी रखा हुआ है.	रु. 3,96,30,653.00 + ब्याज + अन्य प्रभार	रु. 1,62,70,000.00 रु. 16,27,000.00 रु. 10,000.00	सांकेतिक कब्जा
	1. श्री टिकेश्वर मनहरे, 2. श्री अमेया जोशी, बंधककर्ता: श्री टिकेश्वर मनहरे पिता श्री बद्रीनाथ मनहरे. । एसएमई शाखा, रायपुर 9957873700				
19	उधारकर्ता: मेसर्स जय श्री राम ट्रेडर्स (प्रोप.- श्री सुबोध सेन पिता श्री लालाराम सेन) पंजीकृत पता: ग्राम- सिर्री, प.ह.नं. 48, खरोरा, तहसील- तिल्दा, जिला- रायपुर, छत्तीसगढ़- 493225 बंधककर्ता: श्री सुबोध सेन पिता श्री लालाराम सेन जमानतदार: श्री टिकेश्वर मनहरे पिता श्री बद्रीनाथ मनहरे	साम्यिक बंधक परिवर्तित औद्योगिक भूमि और भवन, खसरा नं.-319/2, क्षेत्रफल- 0.883 हेक्टेयर स्थित ग्राम- सिर्री, प.ह.नं.-48, आरआईसी खरोरा, तह. - तिल्दा, जिला- रायपुर, छ.ग. हैं जो श्री सुबोध सेन पिता श्री लाला राम सेन के नाम पर हैं. फिलहाल बैंक ऑफ़ बड़ौदा, एसएमई शाखा, रायपुर के पास गिरवी रखा हुआ है.	रु. 3,67,58,171.84 + ब्याज + अन्य प्रभार	रु. 1,96,21,150.00 रु. 19,62,115.00 रु. 10,000.00	सांकेतिक कब्जा
		साम्यिक बंधक परिवर्तित औद्योगिक भूमि से संबंधित स्थित खसरा नं. - 319/6, क्षेत्रफल - 0.692 हेक्टेयर स्थित ग्राम - सिर्री, प.ह.नं. - 48, आरआईसी खरोरा, तहसील एवं जिला - रायपुर, छ.ग. हैं जो श्री सुबोध सेन पिता श्री लाला राम सेन के नाम पर हैं. फिलहाल बैंक ऑफ़ बड़ौदा, एसएमई शाखा, रायपुर के पास गिरवी रखा हुआ है.		रु. 1,41,50,000.00 रु. 14,15,000.00 रु. 10,000.00	सांकेतिक कब्जा
	एसएमई शाखा, रायपुर 9957873700	साम्यिक बंधक परिवर्तित औद्योगिक भूमि से संबंधित खसरा नं.-448/6, क्षेत्रफल- 0.203 हेक्टेयर स्थित ग्राम- सिर्री, प.ह.नं.- 48, आरआईसी खरोरा, तहसील एवं जिला - रायपुर, छ.ग. हैं जो श्री सुबोध सेन पिता श्री लाला राम सेन के नाम पर हैं. फिलहाल बैंक ऑफ़ बड़ौदा, एसएमई शाखा, रायपुर के पास गिरवी रखा हुआ है.		रु. 41,50,000.00 रु. 4,15,000.00 रु. 10,000.00	सांकेतिक कब्जा
20	श्री दिलीप कुमार झा पिता श्री अभिनंदन झा, सत्यम विहार कॉलोनी, गली नं. 5, कनिष्का ब्यूटी पार्लर के पास, रायपुर (490042) बोरियाकला शाखा- 9752099530	आवासीय भूमि और भवन स्थित खाता नं.- 656/13, माधव राव सप्रे वार्ड नं. - 68, प.ह.नं.- 104/35, आरआईसी- 1, रायपुरा, गणेशराम नगर, तहसील एवं जिला- रायपुर, कुल क्षेत्रफल - 600.00 वर्गफीट. सीमाएं: उत्तर- रास्ता, दक्षिण - मीना बाई की भूमि, पूर्व- नीलकंठ साहू की भूमि, पश्चिम- डॉक्टर की भूमि.	रु. 19,09,689.02 + ब्याज + अन्य प्रभार	रु. 18,00,000.00 रु. 1,80,000.00 रु. 10,000.00	भौतिक कब्जा

ई-नीलामी की तिथि एवं समय 28.10.2026,दोपहर 2:00 बजे से सायं 6:00 बजे तक एवं संपत्ति निरीक्षण करने की तिथि एवं समय 22.10.2026 दोपहर 1:00 बजे से अपरान्ह 4:00 बजे तक। बिक्री संबंधित विस्तृत नियम एवं शर्तों के लिए, कृपया https://www.bankofbaroda.in/e-auction.htm एवं ऑनलाइन ई-नीलामी पोर्टल https://baanknet.com में दिये गये लिंक का संदर्भ लें. भावी बोलीकर्ता प्राधिकृत अधिकारी से फोन 0771-4222612,4570909 पर भी संपर्क कर सकते हैं.

दिनांक: 13.09.2026, स्थान: रायपुर, छत्तीसगढ़ प्राधिकृत अधिकारी, बैंक ऑफ़ बड़ौदा


पहली बार जारी हुए जिला स्तरीय आंकड़े • हर तीसरे जिले में 1 लाख से ज्यादा गैर-कृषि प्रतिष्ठान

50 जिले चला रहे एक-तिहाई असंगठित कारोबार

भास्कर न्यूज़ | नई दिल्ली

असंगठित गैर-कृषि अर्थव्यवस्था कुछ चुनिंदा जिलों में सिमटी हुई है। सांख्यिकी एवं कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय (मॉस्पी) के मुताबिक, सिर्फ 50 जिलों में इस क्षेत्र के करीब एक-तिहाई प्रतिष्ठान और कामगार हैं। कुल उत्पादन में भी इनकी हिस्सेदारी लगभग इतनी ही है। ये जिले गुजरात, तेलंगाना, उत्तर प्रदेश, पश्चिम बंगाल और तमिलनाडु समेत 12 राज्यों में फैले हैं। मंत्रालय ने अनिगमित क्षेत्र उद्यमों के सालाना सर्वेक्षण (एएसयूएसई) 2025 के आधार पर पहली बार जिला स्तर के आंकड़े जारी किए हैं। सर्वे में देश के 770 में से 757 जिलों को शामिल किया गया।

5 लाख से अधिक प्रतिष्ठान वाले आधे जिले बंगाल में



प्रदेश	जिले
पश्चिम बंगाल	8
महाराष्ट्र	3
गुजरात	2
कर्नाटक	1
तेलंगाना	1
उत्तर प्रदेश	1
कुल	16

280 जिलों में प्रति कामगार उत्पादन राष्ट्रीय औसत से ज्यादा

प्रति कामगार	जिले
राष्ट्रीय औसत से अधिक	280
1 से 1.50 लाख के बीच	331

हर तीसरे जिले में एक लाख से ज्यादा यूनिट
करीब एक-तिहाई जिलों में अनिगमित गैर-कृषि प्रतिष्ठान एक लाख से ज्यादा हैं। 9% जिलों में ऐसी यूनिट 10,000 से भी कम सिर्फ 16 जिलों में इनकी संख्या 5 लाख से अधिक रही।

हर 10वां प्रतिष्ठान शीर्ष 10 जिलों में
देश के सिर्फ 10 जिलों में कुल गैर-कृषि कारोबारी यूनिट्स हैं। इनमें कामगारों की करीब 10% हिस्सेदारी है। कुल आर्थिक मूल्य में भी इन जिलों का योगदान लगभग 10% है।

महिला कामगारों में पूर्वोत्तर और दक्षिण के राज्य आगे

महिलाओं की भागीदारी में पूर्वोत्तर और दक्षिण के राज्य (जैसे असम, त्रिपुरा, तमिलनाडु, केरल, कर्नाटक) आगे हैं। देश के 237 जिलों में अनिगमित क्षेत्र के कम से कम एक-तिहाई कामगार महिलाएं हैं। इनमें 25 जिले ऐसे हैं, जहां महिला कामगारों की हिस्सेदारी 50% से अधिक है। महिला स्वामित्व वाले उद्यमों की रैंकिंग में तेलंगाना, मणिपुर, मेघालय और मिजोरम प्रमुख रहे। मिजोरम के प्रत्येक जिले में कम से कम आधे एकल-स्वामित्व वाले प्रतिष्ठान महिलाओं के नाम हैं।

जैकेट व पेज 1 के शेष

टाटा संस की अर्जी..

टाटा संस पंजीकरण वापस क्यों करना चाहता था: टाटा संस ने 2024 में 21 हजार करोड़ से ज्यादा कर्ज चुकाकर कर्जमुक्त होने के बाद एनबीएफसी पंजीकरण वापस करने का आवेदन किया था। मंजूरी मिलने पर वह एनबीएफसी फ्रेमवर्क से बाहर रहकर निजी कंपनी बनी रह सकती थी। लेकिन जून 2026 से लागू संशोधित नियमों में 1 लाख करोड़ या ज्यादा एसेट वाली एनबीएफसी अपर लेयर में आती हैं। मार्च 2026 में टाटा संस की स्टैंड अलोन एसेट्स 2 लाख करोड़ से ज्यादा थीं।

मतभेद: विरोध कौन कर रहा और क्यों: टाटा संस में 65% से ज्यादा हिस्सेदारी रखने वाले टाटा ट्रस्ट्स ने लिस्टिंग का विरोध किया है। PTI के मुताबिक, नोएल टाटा ने जून में आरबीआई के सामने चिंता जताई थी कि लिस्टिंग से टाटा संस के दीर्घकालिक ढांचे और परोपकारी उद्देश्य पर असर पड़ सकता है। वहीं, टाटा ट्रस्ट्स के ट्रस्टी वेणु श्रीनिवासन और विजय सिंह लिस्टिंग के पक्ष में बताए गए हैं। करीब 18.3% हिस्सेदारी वाला शापूरजी पालोनजी ग्रुप भी लिस्टिंग चाहता है। इससे उसे अपनी हिस्सेदारी का कुछ हिस्सा बेचकर उसकी वैल्यू हासिल करने और रकम जुटाने का रास्ता मिल सकता है।

असर: फैसलों और निवेश की निगरानी बढ़ेगी: लिस्टिंग के बाद टाटा संस के वित्तीय प्रदर्शन, पूंजी कहां लगाई जा रही है और निवेश से मिलने वाले रिटर्न पर सार्वजनिक निगरानी बढ़ेगी। सूचीबद्ध कंपनी के रूप में उसे नियमित डिस्क्लोजर की जरूरतें पूरी करनी होंगी और सार्वजनिक शेयरधारकों के प्रति जवाबदेही बढ़ेगी।

छोटे शहर अब बड़े...

नायका की सीईओ फाल्गुनी नायर के मुताबिक, कंपनी के अभी 99 शहरों में 313 ब्यूटी स्टोर हैं। छोटे शहरों में स्टोर की संख्या मौजूदा 313 से बढ़ाकर 600 से अधिक की जाएगी। ग्राहक आधार भी 4.5 करोड़ से बढ़ाकर 10 करोड़ करने की योजना है। लॉजिस्टिक्स कंपनियां भी इसी मांग के लिए तैयारी कर रही हैं। फ्राइटफॉक्स के संस्थापक और सीईओ नीतीश राय को इस फेस्टिव सीजन में पिछले साल के मुकाबले करीब 40% ज्यादा मांग की उम्मीद है।

छोटे शहरों में ऑनलाइन खरीदी को एआई दे रहा रफ्तार: छोटे शहरों में बाजार बढ़ने के साथ कंपनियां स्थानीय मांग समझने के लिए एआई का इस्तेमाल भी बढ़ा रही हैं। जेप्टो के देवेंद्र मील के मुताबिक, कंपनियां एकादशी और तीज जैसे छोटे त्योहारों के लिए भी विशेष पैक उतार रही हैं। स्नैपडील के सीईओ अचिंत सेतिया के मुताबिक, कंपनी की 80% से ज्यादा बिक्री गैर-महानगरीय बाजारों से आती है और उसके 76% ऑर्डर किसी न किसी रूप में एआई से प्रभावित हैं। इन्फिसम का अनुमान है कि बोलकर खरीदारी, वर्चुअल ट्रायल और संवाद आधारित सुविधाओं से 2030 तक खुदरा उत्पादकता 35-37% बढ़ सकती है।

माहभर चलेगा 'सेवा..

सात अक्टूबर को गांव से राज्य स्तर तक 'सेवा ज्योति कलश यात्रा' निकाली जाएगी। इसके जरिए विकसित भारत का संकल्प लोगों तक पहुंचाया जाएगा। इसी दौरान 'सेवा फर्स्ट इनोवेशन चैलेंज' भी होगा। नुक्कड़ नाटकों और सांगीतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से सरकारी योजनाओं की जानकारी दी जाएगी। अभियान का समापन 17 अक्टूबर को 'सुशासन सेवा संवाद' और 'जनसेवक महाकुंभ-पंचायत से पार्लियामेंट' के साथ होगा। इसमें सेवा और सुशासन से जुड़े अनुभव साझा किए जाएंगे।

आम सूचना
ग्राम- रानीसागर, प.ह.नं. 18 रा.नि. समोदा तहसील आरंग, जिला रायपुर छ.ग की भूमि खसरा नंबर 793, 803/1, 803/2 के संबंध में

सर्वविदित हो कि मेरे पक्षकार ने श्री प्रशांत शर्मा पिता एच.सी. शर्मा के स्वामित्व एवं आधिपत्य की ग्राम रानीसागर, प.ह.नं. 18 रा.नि. समोदा तहसील आरंग, जिला रायपुर छ.ग की भूमि खसरा नंबर 793, 803/1, 803/2 रकबा क्रमशः 0.1700, 1. 2400, 0.4000 हेक्टेयर कुल रकबा 1.8100 हेक्टेयर को क्रय करने हेतु सौदा कर लिया है।
अतः सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि उपरोक्त भूमि संपत्ति के क्रय, विक्रय व अंतरण के संबंध में किसी भी व्यक्ति, संबंधितों, वित्तीय संस्था, बैंक, शासकीय-अर्धशासकीय कार्यालय एवं विभाग, निगम, प्राधिकरण, अधिकरण, गृह-निर्माण समिति, या अन्य किसी को भी यदि किसी प्रकार की आपत्ति, उजर या उनका कोई हक दावा इत्यादि उक्त भूमि संपत्ति के संबंध में हो तो इस सूचना प्रकाशन के 07 दिवस के अंदर मेरे कार्यालय या निम्न पते पर, मय दस्तावेजी साक्ष्य के लिखित में प्रस्तुत करें अन्यथा बादम्याद मेरा पक्षकार उक्त भूमि संपत्ति का बैनामा का निष्पादन व पंजीयन अपने पक्ष में करवा लेवेगा, बादम्याद प्रस्तुत आपत्ति, उजर या हक दावा अवैध व शून्य समझी जावेगी तथा उसका कोई भी प्रभाव मेरे पक्षकार पर बंधनकारी नहीं होगा, सो सूचना जानें।
रायपुर छ.ग.
दिनांक: 12/09/2026
रणजीत सिंह 'अधिवक्ता'
कार्या. शहीद हमीद नगर, जलगृह मार्ग टिकरापारा, रायपुर, छ.ग.
मो. 79879 47046

आम सूचना
ग्राम-उमरिया तहसील मंदिर हसौद की भूमि बाबत

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि एक श्री चोवाराम पुरेन वल्द केजूराम पुरेन निवासी ग्राम-डिबारी तहसील आरंग जिला रायपुर वालों ने ग्राम उमरिया प.ह.नं. 19 तहसील मंदिर हसौद जिला रायपुर स्थित भूमि खसरा नंबर 643 रकबा 0.2100 हेक्टेयर जो उसके एवं उसके भाई सेवकराम के संयुक्त नाम पर है, को मेरे पक्षकार आर्य तायल (अग्रवाल) पिता श्री अनुज अग्रवाल, समता कालोनी रायपुर वाले को बिक्री करने का सौदा पक्का कर उससे ब्याना लेकर उक्त सौदे के साक्ष्य स्वरूप अपने भाई सेवकराम के पुत्र निकलेश एवं नरेश जोशी गवाहों की उपस्थिति में एक इकरारनामा निष्पादित किया है। मेरा पक्षकार विक्रय पत्र की लिखा-पढ़ी रजिस्ट्री कराने तत्पर है, जिसके लिए विक्रेतागण से लगातार निवेदन करते आ रहा है।
मेरे पक्षकार को जानकारी मिल रही है कि उक्त भूमि स्वामी मेरे पक्षकार से किए गए सौदे के तथ्य को छुपाकर उक्त सौदाशुदा भूमि अन्य लोगों को बिक्री करने का प्रयास कर रहे है, जबकि उन्हें उक्त भूमि किसी अन्य को बिक्री करने का अधिकार नहीं है।
अतः कोई भी उक्त भूमि के संबंध में उक्त भूमिस्वामी चोवाराम वगैरह से क्रय आदि करने का सव्यवहार न करे, इसके बाद भी कोई करता है तो वह सद्भावी क्रेता नहीं होगा। सो सूचना जाने।
रायपुर (छ.ग.)
दिनांक : 12/09/26
नरेन्द्र कुमार शर्मा, श्रेयांश शर्मा अधिवक्तागण
म.नं. 47/617, राम मंदिर गली, ब्राम्हणपारा, रायपुर (छ.ग.), मो.नं.: 93004-14823

आम सूचना

सर्वविदित हो कि हमारे पक्षकार द्वारा श्री ज्ञानेन्द्र सिंह पिता स्व सहदेव सिंह निवासी-म. नं. 4/14, नेहरू नगर ईस्ट, मोतीलाल नेहरू नगर, भिलाई दुर्ग (छ.ग.) के स्वामित्व एवं आधिपत्य की कृषि भूमि मौजा- बोरियाकला, प.ह.न. 81, तह व जिला रायपुर (छ.ग.) स्थित खसरा नंबर-139/6 रकबा-10000 वर्गफुट भूमि को क्रय करने का मौखिक सौदा कर लिया है, केवल विक्रय पत्र पंजीयन की प्रक्रिया शेष है।
अतः उपरोक्त सम्पत्ति के स्वत्व, आधिपत्य, भारमुक्तता एवं अंतरण के संबंध में जिस किसी व्यक्ति, व्यक्तियों, शासकीय, अर्द्धशासकीय संस्थान, बैंक, वित्तीय निकायों आदि को किसी भी प्रकार का उजर, दावा या आपत्ति हो तो इस सूचना प्रकाशन से 7 (सात दिन) के अंदर अपनी आपत्ति मय दस्तावेज में नीचे लिखे पते पर अनिवार्य रूप से प्रस्तुत कर देवें, बाद म्याद हमारे पक्षकार द्वारा विक्रय पत्र का पंजीयन करवा लिया जायेगा। तत्पश्चात प्रस्तुत आपत्ति अवैध एवं शून्य होने से हमारे पक्षकार पर बंधनकारी नहीं रहेगी।
सो सूचना जाने।
रायपुर (छ.ग.)
दिनांक-11.09.2026
सौरभ जैन (अधिवक्ता)
कार्यालय शाप नं 06, प्रथम तल, जी के माईलस्टोन न्यु राजेन्द्र नगर, रायपुर (छ.ग.), मोबाईल नं.- 7000826909

आम सूचना
ग्राम-नवागांव, प.ह.नं.-35, रा.नि.मं. नवापारा तहसील अभनपुर व जिला रायपुर (छ.ग.) के संबंध में

एतद् द्वारा सर्वसाधारण एवं आम जनता को यह सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार के द्वारा विक्रेतागण (1.) लीलाराम साहू पिता रोमनाथ साहू, एवं (2.) सेवकराम साहू पिता रोमनाथ साहू दोनों निवासी ग्राम नवागांव, तहसील गोबरा नवापारा, जिला रायपुर, (छ.ग.) वालों के संयुक्त स्वामित्व व आधिपत्य की कृषि भूमि जिसका खसरा नं.-45 रकबा 0.2200 हेक्टेयर, भूमि / संपत्ति, जो कि वाके मौजा ग्राम-नवागांव, प.ह.नं.- 35, रा.नि.मं. - नवापारा तहसील अभनपुर व जिला रायपुर (छ.ग.) में धारित की जाती है। यह कि उक्त सम्पत्ति को क्रय करने का सौदा कर विक्रेतागण को ब्याना राशि अदा कर दी है एवं शेष राशि का भुगतान कर विक्रय पंजीयन की कार्यवाही किया जाना है।
अतः उपरोक्त सौदे एवं संव्यवहार के संबंध में जिस किसी व्यक्ति, संस्था, बैंक, निगम, शासकीय व अशासकीय विभाग या अन्य किसी को कोई उजर, दावा या आपत्ति हो अथवा उक्त सम्पत्ति या उसके किसी भी भाग पर किसी प्रकार का स्वत्व, हक, अधिकार या भार हो तो वे इस आम सूचना प्रकाशन के दिनांक से 15 दिवस के भीतर अपनी आपत्ति लिखित में मय सुसंगत दस्तावेजों के साथ मेरे समक्ष प्रस्तुत करें एवं आम सूचना का खंडन किसी भी दैनिक समाचार पत्र में स्वीकार नहीं किया जायेगा। यह कि उक्त समयावधि के अवसान पश्चात् मेरे पक्षकार के द्वारा उक्त वर्णित सम्पत्ति के विक्रय विलेख का निष्पादन व पंजीयन अपने पक्ष में करा लिया जावेगा तत्पश्चात् प्रस्तुत की गई किसी भी प्रकार की उजर, दावा एवं आपत्ति आदि असत्य झूठा एवं सारहीन माना जावेगा तथा ऐसा आपत्ति मेरे पक्षकार के उपर मान्य एवं बंधनकारी नहीं होगा। सो सूचना जाने।
रायपुर, (छ.ग.)
दिनांक 12/09/2026
(करन कुकरेजा) अधिवक्ता
गली नं.-3, श्रीमान श्रीमती तेलीबांधा रविग्राम, रायपुर (छ.ग.)
मो.नं. 91092-36413

आम सूचना
मौजा ग्राम-पारागांव, प.ह.नं.-22, रा.नि.मं. नवापारा, तहसील-गोबरा नवापारा व जिला रायपुर (छ.ग.) के संबंध में

एतद् द्वारा सर्वसाधारण एवं आम जनता को यह सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार के द्वारा विक्रेतागण 01. कृपाशंकर पिता इन्द्रसेन देवांगन 02. हेमा पिता इन्द्रसेन देवांगन एवं 03. दीप्ति पिता इन्द्रसेन देवांगन तीनों निवासी - ग्राम पारागांव तहसील नवापारा जिला रायपुर (छ.ग.) वालों के संयुक्त स्वामित्व व आधिपत्य की कृषि भूमि जिसका, खसरा नंबर-307 रकबा 0.2600 हेक्टेयर भूमि जो कि वाके मौजा ग्राम-पारागांव, प.ह.नं.-22, रा.नि.मं.- नवापारा, तहसील-गोबरा नवापारा व जिला रायपुर (छ.ग.) में स्थित है। यह कि उक्त सम्पत्ति को क्रय करने का सौदा कर विक्रेतागण को ब्याना राशि अदा कर दी है एवं शेष राशि का भुगतान कर विक्रय पंजीयन की कार्यवाही किया जाना है।
अतः उपरोक्त सौदे एवं संव्यवहार के संबंध में जिस किसी व्यक्ति, संस्था, बैंक, निगम, शासकीय व अशासकीय विभाग या अन्य किसी को कोई उजर, दावा या आपत्ति हो अथवा उक्त सम्पत्ति या उसके किसी भी भाग पर किसी प्रकार का स्वत्व, हक, अधिकार या भार हो तो वे इस आम सूचना प्रकाशन के दिनांक से 15 दिवस के भीतर अपनी आपत्ति लिखित में मय सुसंगत दस्तावेजों के साथ मेरे समक्ष प्रस्तुत करें एवं आम सूचना का खंडन किसी भी दैनिक समाचार पत्र में स्वीकार नहीं किया जायेगा। यह कि उक्त समयावधि के अवसान पश्चात् मेरे पक्षकार के द्वारा उक्त वर्णित सम्पत्ति के विक्रय विलेख का निष्पादन व पंजीयन अपने पक्ष में करा लिया जावेगा तत्पश्चात् प्रस्तुत की गई किसी भी प्रकार की उजर, दावा एवं आपत्ति आदि असत्य झूठा एवं सारहीन माना जावेगा तथा ऐसा आपत्ति मेरे पक्षकार के उपर मान्य एवं बंधनकारी नहीं होगा। सो सूचना जाने।
रायपुर, (छ.ग.)
दिनांक 12/09/2026
(करन कुकरेजा) अधिवक्ता
गली नं.-3, श्रीमान श्रीमती तेलीबांधा रविग्राम, रायपुर (छ.ग.)
मो.नं. 91092-36413

आम सूचना
मौजा ग्राम-पटेवा, प.ह.नं.- 41, रा.नि.मं. नवापारा, तहसील-अभनपुर व जिला रायपुर (छ.ग.) के संबंध में

एतद् द्वारा सर्वसाधारण एवं आम जनता को यह सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार के द्वारा विक्रेतागण 01. पुर्णिमा पति-अजय एवं 02. प्रतिमा पति संजय दोनों निवासी-नवापारा तहसील-नवापारा जिला-रायपुर (छ.ग.) वालों के संयुक्त स्वामित्व व आधिपत्य की कृषि भूमि जिसका, खसरा नंबर-1127/2 रकबा 0.0900 हेक्टेयर भूमि जो कि वाके मौजा ग्राम-पटेवा, प. ह.नं.-41, रा.नि.मं.-नवापारा, तहसील-अभनपुर व जिला रायपुर (छ.ग.) में स्थित है। यह कि उक्त सम्पत्ति को क्रय करने का सौदा कर विक्रेतागण को ब्याना राशि अदा कर दी है एवं शेष राशि का भुगतान कर विक्रय पंजीयन की कार्यवाही किया जाना है।
अतः उपरोक्त सौदे एवं संव्यवहार के संबंध में जिस किसी व्यक्ति, संस्था, बैंक, निगम, शासकीय व अशासकीय विभाग या अन्य किसी को कोई उजर, दावा या आपत्ति हो अथवा उक्त सम्पत्ति या उसके किसी भी भाग पर किसी प्रकार का स्वत्व, हक, अधिकार या भार हो तो वे इस आम सूचना प्रकाशन के दिनांक से 15 दिवस के भीतर अपनी आपत्ति लिखित में मय सुसंगत दस्तावेजों के साथ मेरे समक्ष प्रस्तुत करें एवं आम सूचना का खंडन किसी भी दैनिक समाचार पत्र में स्वीकार नहीं किया जायेगा। यह कि उक्त समयावधि के अवसान पश्चात् मेरे पक्षकार के द्वारा उक्त वर्णित सम्पत्ति के विक्रय विलेख का निष्पादन व पंजीयन अपने पक्ष में करा लिया जावेगा तत्पश्चात् प्रस्तुत की गई किसी भी प्रकार की उजर, दावा एवं आपत्ति आदि असत्य झूठा एवं सारहीन माना जावेगा तथा ऐसा आपत्ति मेरे पक्षकार के उपर मान्य एवं बंधनकारी नहीं होगा। सो सूचना जाने।
रायपुर, (छ.ग.)
दिनांक 12/09/2026
(करन कुकरेजा) अधिवक्ता
गली नं.-3, श्रीमान श्रीमती तेलीबांधा रविग्राम, रायपुर (छ.ग.)
मो.नं. 91092-36413

बैंक ऑफ़ बड़ौदा Bank of Baroda
क्षेत्रीय कार्यालय, जीवन प्रकाश, एलआईसी बिल्डिंग, पंडरी, रायपुर (छ.ग.) फोन: 0771-4222611,4222612
ई-मेल: Recovery.Raipur@bankofbaroda.bank.in

बिक्री सूचना (ई-नीलामी) चल संपत्तियों की ई-नीलामी

दृष्टिबंधक अनुबंध के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए चल संपत्तियों की ई-नीलामी रखी गई हैं, इस सूचना के द्वारा आम जनता और विशेष रुप से ऋणी एवं जमानतकर्ता को सूचित किया जाता हैं कि निम्नवर्णित दृष्टिबंधक चल संपत्तियों जो कि प्रतिभूत लेनदार के पक्ष में,जिनका भौतिक कब्जा प्राधिकृत अधिकारी द्वारा लिया जा चूका हैं की ई-नीलामी "जो हैं जैसी हैं जहां हैं एवं जो कुछ भी हैं" के आधार पर रखी गई है.ऋणकर्ता एवं संपत्ति का विवरण निम्नानुसार हैं:
नीलामी बैंक ऑफ़ बड़ौदा की वेबसाइट https://baanknet.com के माध्यम से दिनांक 14.10.2026 को दोपहर 02.00 बजे से अपरान्ह 6.00 बजे के बीच ऑनलाइन ई-नीलामी से होगी।

क्र.	शाखा/ दूरभाष सं.	ऋणकर्ता/बंधककर्ता/मालिक का विवरण	बिक्री होने वाली संपत्ति का विस्तृत विवरण	वर्ष	बकाया ऋण (रु.)	प्रारक्षित मूल्य/ बयाना राशि(रु.)
01	अश्वनी नगर शाखा रायपुर, 9109993992	श्री हिमांशु पिता श्री सुशील	RENAULT TRIBER RXZ AMT 1L ECE (CG-04/NW-5555)	2024	रु. 8.90 लाख + ब्याज एवं अन्य प्रभार	रु. 4.05 लाख रु. 0.41 लाख
02	विवेकानंद नगर शाखा रायपुर, 9752410761	श्री उमेश कुमार साहू	MARUTI BREZZA SMART HYBRID ZXI (O) CAR (CG-04/PR-6007)	2024	रु. 10.45 लाख + ब्याज एवं अन्य प्रभार	रु. 7.29 लाख रु. 0.73 लाख
03	गीतांजली नगर, अवंति विहार शाखा, रायपुर 9109993965	श्री चंदन कुमार पिता श्री हेमन्त मानिकपुरी	Volkswagon VIRTUS COMFORTLINE 1.0 TSI MT (CG-22/AE-1005)	2024	रु. 10.07 लाख + ब्याज एवं अन्य प्रभार	रु. 7.29 लाख रु. 0.73 लाख

बयाना राशि जमा करने की अंतिम तारीख 13.10.2026 हैं समय सायं 05:00 बजे तक. इच्छुक बोलीदाता संपत्ति का निरीक्षण दिनांक 05.10.2026 को दोपहर 01.00 बजे से लेकर अपरान्ह 04.00 बजे के बीच किया जा सकता हैं. बोली लगाने वाले व्यक्ति बोली के समय अपने प्रस्ताव को रु. 5,000.00 (रुपये पांच हजार मात्र) के गुणज में उन्नत कर सकते हैं. बिक्री संबंधित विस्तृत जानकारी ई-नीलामी एजेन्सी की वेबसाइट https://baanknet.com से प्राप्त की जा सकती हैं.
सांविधिक 15 दिवसीय बिक्री नोटिस. ऋणकर्ताओं/गारंटीकर्ताओं को एतद् द्वारा नीलामी तिथि से पूर्व उपरोक्त लिखित राशि का भुगतान करने की सूचना दी जाती है, अन्यथा संपत्ति की नीलामी कर दी जाएगी एवं शेष बकाया यदि कोई होगी तो उसकी वसूली विधिक पद्धति से उनसे लागत व ब्याज सहित कर ली जाएगी.
दिनांक 13.09.2026, स्थान: रायपुर, छत्तीसगढ़ प्राधिकृत अधिकारी, बैंक ऑफ़ बड़ौदा

केन्द्रीय पेट्रोरसायन अभियांत्रिकी एवं प्रौद्योगिकी संस्थान (सिपेट)
(रसायन एवं पेट्रोरसायन विभाग, रसायन एवं उर्वरक मंत्रालय, भारत सरकार)
Central Institute of Petrochemicals Engineering & Technology (CIPET)
(Department of Chemicals & Petrochemicals, Ministry of Chemicals & Fertilizers Govt. of India)
Head Office Guindy, Chennai - 600 032

विज्ञापन क्र. CIPET:IPT/RPR/ADVR/04 दिनांक: 13.09.2026

सिपेट, रायपुर एवं कोरबा में अनुबंध के आधार पर सीमित या निश्चित अवधि के लिए विभिन्न मानवशक्ति की नियुक्ति हेतु विज्ञापन

केंद्रीय पेट्रोकेमिकल्स इंजीनियरिंग एवं प्रौद्योगिकी संस्थान (CIPET) पॉलिमर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में एक प्रमुख राष्ट्रीय संस्थान है, जो शैक्षणिक गतिविधियों, प्रौद्योगिकी सहायता, अनुसंधान एवं अनुप्रयोग विकास पर विशेष ध्यान केंद्रित करता है। सिपेट अपने अहमदाबाद, भुवनेश्वर, चेन्नई, लखनऊ, रायपुर एवं कोच्चि स्थित केंद्रों में स्नातक (UG) एवं स्नातकोत्तर (PG) कार्यक्रम संचालित करता है। इसके अतिरिक्त, CIPET द्वारा प्लास्टिक्स टेक्नोलॉजी, मोल्ड टेक्नोलॉजी, CAD/CAM के साथ मोल्ड डिजाइन तथा प्लास्टिक्स प्रोसेसिंग एवं टेस्टिंग के क्षेत्र में AICTE द्वारा अनुमोदित डिप्लोमा, पोस्ट डिप्लोमा एवं पोस्ट ग्रेजुएशन डिप्लोमा कार्यक्रम भी संचालित किए जाते हैं।
सिपेट, रायपुर, नीचे दिए गए डिटेल्स के अनुसार सिपेट, रायपुर एवं कोरबा के लिए नीचे उल्लिखित पदों पर संविदात्मक नियुक्ति (Contractual Engagement) के लिए पात्र उम्मीदवारों से ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं :-

क्र. सं.	जनशक्ति आवश्यकता	पारिश्रमिक (प्रति माह वेतन सीमा)	पदों की संख्या
1.	सहायक प्राध्यापक (रसायन विज्ञान)	रु. 35,000/- से 40,000/-	1
2.	सहायक प्राध्यापक (गणित)	रु. 35,000/- से 40,000/-	1
3.	सहायक प्राध्यापक (यांत्रिकी)	रु. 35,000/- से 40,000/-	1
4.	व्याख्याता (प्लास्टिक अभियांत्रिकी एवं प्रौद्योगिकी)	रु. 30,000/- से 35,000/-	1*
5.	व्याख्याता (भौतिकी)	रु. 30,000/- से 35,000/-	1
6.	व्याख्याता (यांत्रिकी)	रु. 30,000/- से 35,000/-	1
7.	प्रशिक्षक (कौशल विकास)	रु. 25,000/- से 30,000/-	1
8.	प्लेसमेंट सलाहकार	रु. 40,000/- (समेकित)	1*

* सिपेट कोरबा हेतु
पात्रता मानदंड, शैक्षिक योग्यता और अनुभव, सामान्य नियम और शर्तों आदि की विस्तृत जानकारी के लिए, कृपया हमारी वेबसाइट www.cipet.gov.in पर जाएँ। उम्मीदवार इस लिंक पर लॉग इन करके ऑनलाइन आवेदन जमा कर सकते हैं: https://cbtexam.co.in/cipet-ipt-raipur
सिपेट, रायपुर भर्ती प्रक्रिया को किसी भी चरण में बिना कारण बताये रद्द करने का अधिकार सुरक्षित रखता है।
लिंक खुलने की तिथि: 13.09.2026 लिंक बंद होने की तिथि: 01.10.2026
प्रधान निदेशक एवं प्रमुख